ऑनलाइन क्लासेस का उपयोग करते हुए ध्यान रखने योग्य बातें

छात्रों के लिए

क्या करें :-

- **समय के पाबंद रहें, समय पर लॉग इन करें**

  एक छात्र के रूप में ऑनलाइन कक्षाओं में भी आपको अपनी उपस्थिति मायने रखनी है। आप अपने प्रोफ़ेसर के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर लॉग-इन करें। सुनिश्चित करें कि आपका कंप्यूटर / मोबाइल चार्ज हो और आप समय पर ऑनलाइन क्लास ज्वाइन करने के लिए तैयार रहे। देर से होना स्वीकार्य नहीं है, विशेष रूप से ध्यान रखिये की आपका कंप्यूटर शांतिपूर्ण स्थान पर हो।

- **अपना परिचय दें और अपने साथियों का सम्मान करें**

  शुरुआत में आपको अपना परिचय देना चाहिए। आप यह सुनिश्चि करे कि सभी आपको सुन आ रहे हैं और आपको सभी की स्पष्ट आवाज आ रही हो। यदि आप अपने सहकर्मी के विचारों से बहुत असहमत हैं तो चर्चा सत्र का इंतज़ार करें। हालाँकि, सुनिश्चित करें कि आप अपने साथी छात्रों का सम्मान करते हैं और जब वे बोल रहे हों तो उन्हें अनुमति दें एवं बीच में ना बोले।

- **टाइम टेबल का ध्यान रखें**

  अपनी सभी क्लासेस के टाइम टेबल का ध्यान रखें एवं समय से उनको अटेंड करे।

- **अपना स्थान सेट करें, सुनिश्चित करें कि यह शांत और निर्बाध है**

  तार्किक रूप से, यह सुनिश्चित करें कि आप एक ऑनलाइन छात्र के रूप में पूरी तरह से भाग ले रहें हैं, आपको एक शांतिपूर्ण और जितना संभव हो विचलित न होने वाले वातावरण में क्लास को ज्वाइन करना है। अपने परिवार के सदस्यों को भी सुनिष्ठित करे की आपके लिए यह कक्षा एवं अनुशासन महत्वपूर्ण है ।

- **अपनी तकनीक का परीक्षण करें**

  सुनिश्चित करें कि आपके कंप्यूटर या फोन का कैमरा स्थिर है और आपका ऑडियो या माइक्रोफ़ोन काम करता है। अपने लेक्चर को अच्छे से सुनने के लिए अपने हेडफोंस का इस्तेमाल करें।

- **तकनीकी सहायता के लिए अपनी स्कूल की मदद ले।**

  आप किसी भी परेशानी के लिए तक्नीकी सहायता ले सकते हैं. यह सुनिश्चित कर ले की आपको उसका उपयोग करना आता है यदि नहीं तो आप अपने स्कूल से संपर्क करें।

- **ऑनलाइन कक्षाओं में ठीक से और सीधे बैठे।**

  अपनी ऑनलाइन क्लास में ठीक से एवं अटैंटिव होकर बैठे ताकि आप लेक्चर को ध्यान से सुन पाएंगे एवं समझ पाएंगे।

- **ऑनलाइन क्लास में पार्टिसिपेट करें।**

  ऑनलाइन क्लास में वैसे ही पार्टिसिपेट करें जैसे आप अपनी रेगुलर क्लास में पार्टिसिपेट करते थे और अपने डाउट्स को क्लियर करें, हिचकीचाय नहीं।

- **चैटबॉक्स का सही इस्तेमाल करें**

  लाइव क्लासेज़ में चैट बॉक्स होते हैं, वहां भी आप अपने डाउट्स पूछ सकते हैं पर इसका गलत इस्तेमाल ना करे अनावश्यक चैटिंग में।

क्या ना करें :-

- **क्लास के दौरान दूसरी वेबसाइट ना खोलें**

  जब आप अपने ऑनलाइन क्लास में भाग लेते हैं, तो अन्य ऑनलाइन वेबसाइटों से विचलित न हों। पॉप-अप ब्लॉक करदे और सुनिश्चित करें कि आपकी क्लास के दौरान आपको कोई और नोटिफिकेशन ना आ रहे हो।

- **अपना ऑडियो ऑन न रखें (कृपया)**

  ऑनलाइन क्लास में अपना ऑडियो म्यूट करके रखें जिससे बाकी छात्रों एवं शिक्षकों को डिस्टरबेंस ना हो।

- **अपने कैमरे को बंद न करें।**

  कक्षा के दौरान अपने फोन के कैमरे को मंद ना रखें। कैमरा ऑन रहने से आपकी प्रेजेंस दिखती है जो एक शिक्षक के लिए पढ़ाते वक्त बहुत इंपॉर्टेंट होती है।

- **आगे की शेड्यूल्ड क्लासेज को ज्वाइन ना करे।**

  शेडूल क्लास को ही ज्वाइन करें, आगे की क्लास को स्टार्ट ना करें आपके टीचर्स को यह पता चल सकता है एवं आपके ऊपर अनुशासन ना बनाए रखने की कार्रवाई हो सकती है

- **बिना तैयारी के क्लास को ज्वाइन ना करें**

  सुनिश्चित करें कि कक्षा शुरू होने से पहले आपने अच्छे से ब्रेकफास्ट करा है एवं अब आप पूरी तरह से मेंटली एवं फिजिकली तैयार हैं क्लास को ज्वाइन करने के लिए।